# मानगो नगर निगम द्वारा सफाई मित्रों के लिए नि:शुल्क मेगा हेल्थ चेक अप कैंप का आयोजन

**पीएम स्वनिधि के तहत 20 से 24 दिसंबर तक चलेगा ऋण संवितरण अभियान**

## मानगो नगर निगम द्वारा सफाई मित्रों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**जमशेदपुर** : स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के तहत कार्यपालक पदाधिकारी दीपक सहाय के नेतृत्व में शनिवार को मानगो नगर निगम परिसर में निशुल्क मेगा हेल्थ चेक अप कैंप का आयोजन किया गया. यह कैंप विशष कर सफाई मित्रों के लिए आयोजित किया गया था इस मौके पर लगभग सौ सफाई मित्रों के स्वास्थ्य की जांच की गई. मेगा हेल्थ चेक अप कैंप में लेप्रोसी ,टीवी, आई टेस्ट, जनरल बॉडी चेक अप, शुगर, बीपी आदि के लिए अलग-अलग शिविर लगाए गए थे. कैंप में सफाई मित्रों के अलावा मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के तहत कार्य करने वाले सफाई कर्मियों एवं कार्यालय अधिकारियों, कर्मियों ने मेगा हेल्थ चेक अप कैंप में पहुंचकर संबंधित शिविर में जाकर अपना जांच करवाया.

कैंप में लायंस क्लब आफ जमशेदपुर एवं स्वच्छता ब्रांड अंबेसडर डॉ विजय मोहन सिंह का विशेष योगदान रहा. हेल्थ कैंप में लेप्रोसी विभाग से डॉ राजीव लोचन महतो, टीवी से टेक्नीशियन नागेंद्र,



आई टेस्ट से जीशान उल हक और अतहर हुसैन तथा जनरल बॉडी चेक अप से डॉ विजय मोहन सिंह, डॉक्टर सलाउद्दीन बैग, डॉक्टर बी प्रसाद, डॉक्टर रघुमनी आदि तथा नगर प्रबंधक जितेंद्र कुमार, एसबीएम सेल एजेंसी के आलोक कुमार, कार्यालय कर्मी आदि उपस्थित थे.

नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार

Toll free no.: 1800-120-2929 | Website : www.dmajharkhand.in | Follow us on : @JharkhandDMA